BRIEFS

Rupee falls 20 paise to close at 95.38 vs USD

MUMBAI, July 6 (PTI)

THE rupee depreciated 20 paise to close at 95.38 (provisional) against the US dollar on Monday, as a strengthening greenback weighed on emerging market currencies.

At the interbank foreign exchange market, the rupee opened at 95.25 against the American currency and traded in a range of 95.22-95.48 during the session.

The rupee finally closed at 95.38 (provisional), down 20 paise from its previous close. On Friday, the rupee appreciated 17 paise to close at 95.18 against the US dollar.

Gold slips Rs 150, Silver drops Rs 5,000

NEW DELHI, July 6 (PTI)

GOLD prices slipped Rs 150 to Rs 1,50,650 per 10 grams in the national capital on Monday, and silver dropped Rs 5,000, as a sluggish global trend and a firm US dollar prompted traders to trim positions in precious metals. The precious metal of 99.9 per cent purity had closed at Rs 1,50,800 per 10 grams in the preceding session.

Silver snapped its four-day rally, declining Rs 5,000 to Rs 2,40,000 per kilogram (inclusive of all taxes) from Friday's closing level of Rs 2,45,000 per kg, according to local dealers.

BoM logs 27 pc rise in loan growth

NEW DELHI, July 6 (PTI)

BANK of Maharashtra (BoM) on Monday said it has recorded a 27 per cent year-on-year increase in its total credit to Rs 3.06 lakh crore in the June quarter.

The Pune-based public sector lender's outstanding credit stood at Rs 2.41 lakh crore at the end of the April-June quarter of FY26, BoM said in a regulatory filing. The total credit included loans to the retail, agriculture and MSME (RAM) segments, which grew 25 per cent year-on-year to Rs 1.87 lakh crore, it said.

During the quarter, the bank's exposure to corporate credit also crossed Rs 1 lakh crore to Rs 1.11 lakh crore, registering an increase of 21 per cent.

The lender reported a 13 per cent rise in total deposits to Rs 3.44 lakh crore in the reporting quarter against Rs 3.05 lakh crore at the end of the first quarter of the previous financial year.

Mahindra Tractors launches YuvoTech+ 585 DI V1 pan-India

MUMBAI, July 6 (PTI)

MAHINDRA Tractors on Monday announced the pan-India launch of its multi-purpose tractor YuvoTech+ 585 DI V1, and said it will launch seven new tractors and 12 new features, including products from Mahindra's New Tractor range and the Swaraj Protek this fiscal year.

"We are launching the YuvoTech+ 585 DI V1 across India following its successful introduction in select markets. Built on our fast-growing YuvoTech platform, this tractor combines advanced technology with robust performance and practical features," Mahindra Tractors Chief Executive Officer Harsh Rai said.

7 OPEC+ countries agree to expand monthly oil production modestly as prices slide

NEW YORK, July 6 (AP)

A HANDFUL of countries in the OPEC+ oil-producing alliance plan to increase their outputs modestly next month, which would bring more oil online after fuel prices have fallen to levels not seen since before the US and Israel's war with Iran.

The Organisation of the Petroleum Exporting Countries and its allies collectively known as OPEC+ announced on Sunday that seven countries would expand oil production by a combined total of 188,000 barrels per day in August. It was the fifth consecutive month OPEC+ agreed to raise oil outputs.

The participating countries in Sunday's decision are Saudi Arabia, Russia, Iraq, Kuwait, Kazakhstan, Algeria and Oman.

"The countries will continue to monitor and assess market conditions, and in their continuous efforts to support market stability, they reaffirmed the importance of adopting a cautious approach," the group of oil producers said in a statement.

In the last month, market optimism caused crude oil prices to tumble before and after the US and Iran reached an interim deal to end their fighting. As part of a broader memorandum of understanding, Iran agreed to allow ships to pass unimpeded through the Strait of Hormuz, and the US agreed to end its blockade of Iran's ports.

More and more commercial vessels have since transited the strait, which before the war was a conduit for roughly a fifth of the world's oil. But ship traffic remains below pre-war levels, and tensions over the waterway continue. Iran's joint military command warned as recently as Thursday that all oil tankers moving through the strait must use its approved routes or face a "forceful response."

Oil prices have continued to decline while negotiators for Iran and the US try to reach a final peace agreement.

Brent crude, the international benchmark, was going for under USD 72 a barrel when shortly after commodities trading opened Sunday night.

Govt relaxes verification norms for high capacity weighing instruments

NEW DELHI, July 6 (PTI)

THE Government has eased the compliance requirements for standard weight verification carried out for weighing instruments having at least one tonne capacity, a move that will improve the ease of doing business for industries, warehouses, logistics operators and weighbridge owners.

The Department of Consumer Affairs has issued the amended Legal Metrology (General) Rules, 2011. An official release on Monday said the norms have been revised to substantially reduce the requirement of standard weights for verification of high-capacity weighing instruments by introducing a scientific, repeatability-based verification approach.

While verifying weighing instruments having a maximum capacity of one tonne and above, standard weights of at least one tonne or 50 per cent of the maximum capacity of the instrument, whichever was greater, had to be used before substitution with constant loads. Since these provisions often resulted in significant logistical challenges.

NSE targets to launch Rs 30,000 cr IPO in Sept

NEW DELHI, July 6 (PTI)

THE National Stock Exchange (NSE) is targeting to launch its much-awaited initial public offering (IPO), estimated at around Rs 30,000 crore, in September, people familiar with the development said on Monday.

The mega IPO is expected to value the country's largest stock exchange at over Rs 5 lakh crore.

The exchange will soon begin roadshows for the IPO.

If successful, the issue will surpass Hyundai Motor India's Rs 27,870-crore public offering launched in October 2024.

The proposed public issue will be entirely an offer for sale (OFS) of 14.89 crore equity shares, with existing shareholders collectively divesting nearly 6 per cent of the exchange's equity, according to the draft red herring prospectus (DRHP) filed in June.

NSE has around 1.8 lakh shareholders. Among the major shareholders selling their stake, State Bank of India will offload up to 2.48 crore shares, followed by MS Strategic (Mauritius) Ltd with 1.60 crore shares.

Other shareholders proposing to sell shares include Canada Pension Plan Investment Board, Aranda Investments (Mauritius) Pte Ltd, Bank of Baroda, Stock Holding Corporation of India Ltd, General Insurance Corporation of India, The New India Assurance Company, National Insurance Company and United India Insurance Company.

Life Insurance Corporation of India (LIC), the exchange's largest shareholder with a 10.72 per cent stake, will not participate in the share sale. NSE's board had approved the proposed IPO on February 6 following the receipt of the Securities and Exchange Board of India's (SEBI) no-objection certificate (NOC).

Jindal Stainless appoints Kunjal Mehta as CFO

NEW DELHI, July 6 (PTI)

JINDAL Stainless on Monday said Kunjal Mehta has been appointed the Chief Financial Officer (CFO) of the company.

His appointment is with effect from June 25, the stainless steel maker said in a statement.

"Kunjal brings deep expertise across corporate finance, treasury, fundraising, and business transformation, along with a strong track record of value creation in large and complex organisations. I am confident his leadership will further strengthen our financial resilience and support our upward trajectory in the manufacturing business," Jindal Stainless MD Abhyuday Jindal said.

Prior to joining Jindal Stainless, Mr Mehta served as Chief Financial Officer at Adani Energy Solutions Limited. Over the course of his career.

Stock markets rise for 4th day

MUMBAI, July 6 (PTI)

STOCK markets extended the gaining streak to the fourth day on Monday, with the benchmark Sensex rising by 521 points to settle at a more-than-two-month high, driven by buying in blue-chip bank and oil shares and lower crude oil prices.

The 30-share BSE Sensex jumped 521.16 points, or 0.67 per cent, to settle at 78,285.07, a closing level not seen since April 22. During the day, it surged 634.15 points, or 0.81 per cent, to 78,398.06.

The 50-share NSE Nifty climbed 159.50 points, or 0.66 per cent, to end at 24,430.35, the highest closing level since April 21.

In four consecutive trading days, the BSE benchmark has jumped 1,806.4 points, or 2.36 per cent, and the Nifty by 564.6 points, or 2.36 per cent.

Fresh foreign fund inflows aided the optimistic trend in the domestic equity market, analysts said. Foreign institutional investors bought equities worth Rs 1,355.33 crore on Friday, according to exchange data.



Among the Sensex pack, HDFC Bank climbed the most by 3.59 per cent. Mahindra & Mahindra, Bharat Electronics, Reliance Industries, ICICI Bank, and Maruti were also among the winners. Kotak Mahindra Bank, Tata Consultancy Services, Bajaj Finserv, and Power Grid were among the laggards.

Brent crude, the global oil benchmark, declined 0.82 per cent to USD 71.53 per barrel.

Indian equities traded with a positive bias despite mixed global cues, supported by stable crude prices. Continued softness in crude would support inflation, the current account balance.

'Indiahandmade' brings over 64 lakh artisans into digital commerce

NEW DELHI, July 6 (IANS)

INDIAHANDMADE a dedicated digital marketplace under the Digital India initiative is bringing over 64 lakh handloom and handicraft artisans into the digital economy by connecting them directly with buyers and expanding market access, an official fact-sheet said on Monday.

The platform developed by the Digital India Corporation under the Ministry of Textiles and launched in 2023 is helping artisans and weavers connect directly with buyers, expanding market access while supporting livelihoods and preserving the country's rich handloom and handicraft heritage, it added.

It enables artisans and weavers to sell handmade products online while reducing dependence on intermediaries and improving income opportunities, it added.

Indiahandmade is part of efforts to integrate traditional craft communities into the digital economy and strengthen the visibility of handmade products across the country and beyond, according to the Government.

"India has an estimated 64.66 lakh handloom and handicraft artisans," the document said.

In addition, women account for over 70 per cent of handloom weavers and 64 per cent of the overall artisan workforce, highlighting the sector's role in generating rural employment and promoting women's economic empowerment, according to the fact sheet.

Saudia's flydeal launches India operations

HYDERABAD, July 6 (PTI)

SAUDIA Group's fast-growing low-cost carrier flyadeal made its entry into the Indian aviation market with its first flight landing at Rajiv Gandhi International Airport here.

GMR Hyderabad International Airport Ltd (GHIAL) welcomed the successful arrival of flyadeal, the inaugural flight connecting Hyderabad and Riyadh, GMR said in a statement on Monday.

The first flight from Riyadh landed here on July 4.

The development further strengthens Hyderabad Airport's stature as a growing international aviation hub, and India and Saudi Arabia connectivity, it said.

एक नजर में

लंबित एरियर्स की राशि दिलवाने प्रशासन से गुहार

छिंदवाड़ा: मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक भुवनलाल मालवीय ने लंबित एरियर्स की राशि दिलवाने प्रशासन से गुहार लगाई है। जारी विज्ञप्ति में बताया कि जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा में 29 वर्षों की सेवा के उपरांत भारिया जनजाति के सुखराम सिरसाम को 29 वर्ष की सेवा के बाद स्थायी कर्मी बनाकर उसके 6 दिन बाद ही 2016 में सेवानिवृत्त कर दिया परंतु उन्हें अभी तक एरियर्स की राशि का भुगतान नहीं किया गया। इसी तरह से मृतक राजकुमार भारती स्थायी कर्मी की वर्ष 2018 में मृत्यु के बाद उसकी नाबालिग पुत्री दिव्या भारती को 1 लाख 25 हजार के स्थान पर मात्र 1 लाख 5 हजार रुपये ही भुगतान किए। -नप्र

कांग्रेस ने भाजपा जिलाध्यक्ष को बताया विकास विरोधी

छिंदवाड़ा: जारी बयान में धर्मेंद्र सोनू मागो ने कहा कि नगर पालिक निगम क्षेत्र की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस गई, किसान खाद के लिए त्रस्त, फसलों के उचित दाम पाने के लिए परेशान है, लेकिन भाजपा जिलाध्यक्ष चुप रहे। लेकिन जैसे ही मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुल नाथ नागरिकों के हितों और जिले के विकास के लिए ठोस कदम उठाते हैं, इन्हें और इनकी पार्टी को जिले का विकास रास नहीं आता। स्वयं कुछ करते नहीं और नेताद्वय के जनहित के कार्यों पर सिर्फ उंगलियां उठाते हैं। -नप्र


धर्मेंद्र सोनू मागो।

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

छिंदवाड़ा: भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय छिंदवाड़ा में सोमवार को जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विजय पांडे सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विजय पांडे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत के उन महान राष्ट्रनायकों में थे, जिन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। -नप्र

दुकानदारों को दी सख्त हिदायत

छिंदवाड़ा: शहर के मुख्य मार्गों पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और राहगीरों की सुगमता के लिए नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा सघन 'रोको-टोको अभियान' चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सीपी राय के आदेशानुसार एवं अतिक्रमण प्रभारी सागर बोरकर के निर्देशन में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा शहर के एक बड़े हिस्से में प्रभावी कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत परासिया रोड सत्कार तिराहे से लेकर पंकज टॉकीज, इंदिरा तिराहा, पुलिस पेट्रोल पंप होते हुए चार फाटक, तथा सिवनी रोड से चार फाटक ब्रिज तक और छोटा तालाब के समीप से होते हुए शांतिधाम लॉन व मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से फव्वारा चौक तक व्यापक अभियान चलाया गया। -नप्र

घायल बछड़े को गोसेवकों ने पहुंचाया अस्पताल

नरसिंहपुर: स्थानीय मिलन समिति और गोसेवकों ने जीव दया की मिसाल पेश करते हुए चार दिन से घायल एक बेसहारा बछड़े को रेस्क्यू कर पशु चिकित्सालय पहुंचाया। इस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए यह बताया गया कि उक्त बछड़ा किसी अज्ञात कारण से गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। स्थानीय लोग अपने स्तर पर उसकी देखरेख कर रहे थे, शनिवार को उसे अस्पताल भेजने का निर्णय लिया। -नप्र

शासकीय प्राथमिक शाला उदादौन में टपक रही स्कूल की जर्जर छत

समस्या ● 18 प्राथमिक स्कूलों के टपकती छतों के नीचे बच्चे कर रहे पढ़ाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, छिंदवाड़ा/चौरई: छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिले में बारिश का दौर शुरू हो गया है, लेकिन सरकारी स्कूलों की जर्जर इमारतों की मरम्मत का काम अधूरा है। इसके चलते पांढुर्ना में 18 प्राथमिक स्कूलों के छात्रों को अब टपकती छतों के नीचे पढ़ाई करनी पड़ेगी।वहीं छिंदवाड़ा में 30 से ज्यादा स्कूल जर्जर हैं।गर्मी के मौसम में स्कूलों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए थे ताकि बारिश से पहले भवन सुरक्षित हो सकें।

पांढुर्ना कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने भी जिले के 22 सरकारी स्कूलों की जर्जर छतों की मरम्मत के आदेश दिए थे। इसके बावजूद, शिक्षा विभाग केवल 4 स्कूलों की छतों की ही मरम्मत करा सका।जिन स्कूलों में मरम्मत का कार्य पूरा हुआ है, उनमें माध्यमिक स्कूल पारडी, भंडारगोंदी, चिचखेड़ा और डुडेवानी शामिल हैं। शेष 18 स्कूलों की स्थिति अभी भी जर्जर बनी हुई है। मरम्मत से वंचित इन स्कूलों में प्राथमिक स्कूल बनगांव, हरडोली, लिंगा एलेतीर, जुनापानी, टेमनी कला, खापरखेड़ा, कालापाठा, देवनाला रैयत, नंदनवाड़ी माल, वाढेगांव, देवखापा, मारुड, कराघाट कामठी, रैयतवाड़ी ढाना, मैनी ढाना, गुम्मू ढाना और मगजगांव शामिल हैं।


चौरई में शासकीय प्राथमिक शाला उदादौन में स्कूल की छत है जर्जर। ● नईदुनिया

स्कूलों में बारिश के दौरान छत से पानी टपकने और कक्षाओं में जलभराव की आशंका है। स्कूल भवनों की मरम्मत न होने से छोटे बच्चों को सबसे अधिक परेशानी होगी। प्रभारी बीआरसी मोरेश्वर ब्रह्मे ने कहा कि स्कूलों में बारिश के दौरान बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएंगी।

प्राथमिक शाला भवन की स्थिति जर्जर: जनपद पंचायत चौरई अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला उदादौन की भवन स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। विद्यालय की छत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और बारिश के दौरान जगह-जगह से पानी टपकता है। सबसे गंभीर बात यह है कि इसी जर्जर छत के नीचे नन्हे-मुन्ने बच्चे प्रतिदिन पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जिससे किसी भी दिन बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों का कहना है कि भवन की छत काफी समय से खराब हालत में है। बारिश के मौसम में पानी सीधे कक्षाओं के भीतर टपकता है, जिससे बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानी होती है। वहीं छत के कमजोर हिस्सों के कारण हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते भवन की मरम्मत या नए भवन की व्यवस्था नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।


कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु। ● नईदुनिया

पारडसिंगा में मनाया सांई मंदिर का स्थापना दिवस

नईदुनिया न्यूज, पारडसिंगा: प्रतिवर्ष की भांति इस भी साईं स्थापना दिवस 6 जुलाई,सोमवार को साई मंदिर में मनाया गया।साईं स्थापना दिवस की शुरुआत प्रातः साईं मंदिर में साईं का अभिषेक एवं पूजा अर्चना करने के साथ हुई। दोपहर 2 बजे राजू राऊत के निवास स्थान से साईं पालकी निकाली गई ।साईं पालकी गाजे बाजे के साथ एवं विविध भजन मंडलों के एवं साई पल्लकी का स्वागत हर गली मोहल्ले में पुष्प वर्षा कर किया गया ।गांव की महिलाओं ने साईं पालकी की पूजा अर्चना की । जिसके पश्चात शाम को साईं मंदिर में महाआरती कर एवं प्रसाद वितरण कर साईं स्थापना दिवस का समापन हुआ।

बाल मजदूरी के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

● बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, छिंदवाड़ा: कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति (डी.सी.डब्ल्यू.पी.सी.) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न बाल संरक्षण एवं बाल कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी बाल हितैषी योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे को योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार जिले में स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत 532 बच्चों, फॉस्टर केयर योजना के तहत 2 बच्चों, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत 476 बच्चों, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के तहत 49 बच्चों तथा पी.एम. केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत 25 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री नारायन ने इन सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा-4 के अंतर्गत किशोर न्याय बोर्ड में लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि किशोर न्याय से संबंधित सभी प्रकरणों का त्वरित एवं विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे बच्चों के हितों की प्रभावी सुरक्षा हो सके। कलेक्टर श्री नारायन ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिले में बाल संरक्षण समितियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। यदि कहीं भी बाल मजदूरी अथवा बच्चों के शोषण का मामला सामने आता है तो तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

'उच्च शिक्षा वृत्ति से भाग्योदय का पथ प्रशस्त होता है'

नईदुनिया प्रतिनिधि, छिंदवाड़ा: शासकीय महाविद्यालय चांद में आयोजित दीक्षारंभ समारोह में मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने नवप्रवेशित छात्रों उच्च शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्र उच्च शिक्षा की शिक्षावृति से भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त करती है। जीवन अंतःकरण से संचालित होता है । मन, बुद्धि और चित्त का संयमीकरण ही अनुशासन होता है । प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि छात्रों की पात्रता बुद्धि ग्रहणशील बने और सामयिक सरोकारों के प्रश्नों का समाधान करे क्योंकि ज्ञान धुंधला होकर कुपात्रता को विकसित करता है। प्रो. लक्ष्मण उइके ने कहा कि अवधारणात्मक ज्ञान जीवन वृत्ति का समाधान है। मन की चंचलता, उत्तेजना और अशांति ज्ञानार्जन में बाधक होती है। प्रो . राजकुमार पहाड़े ने अपने उद्बोधन को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में अध्ययन कर रहे छात्र अपनी बुद्धि संश्लेषण, विश्लेषण और विवेचन को अपने अधिगम का अभिन्न हिस्सा बनाकर ज्ञानार्जन करेंगे तो बात बनेगी। प्रो. सुरेखा तेलकर ने कहा कि छात्र अपने चित्त की संस्कार भूमि की मेधा से कैरियर निर्माण की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं क्योंकि शैक्षिक साधना से आत्मतत्व का विकास ही साध्य है।

पिल्हावाड़ी में मद-परिवर्तन कर राजकोष में 12.50 लाख रुपये का घोटाला

नईदुनिया न्यूज, दमुआ: जुन्नारदेव जनपद की ग्राम पंचायत पिल्हावाड़ी में एक सामुदायिक भवन के निर्माण पर आरोप है कि यहां सामुदायिक भवन निर्माण में ऐसा वित्तीय छल किया गया, जिसके शासकीय अभिलेख वित्तीय अनियमितता का प्रमाण दे रहे हैं।

प्राप्त विवरण के अनुसार, मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश क्रमांक 836/2025/20148 के अंतर्गत, पिल्हावाड़ी में सामुदायिक भवन निर्माण का संपूर्ण व्यय योजना क्रमांक-4610 (अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क वसूली) के अधीन होना सुनिश्चित हुआ था। विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शिका की कंडिका 4.21 में सुस्पष्ट उल्लेख था कि यह आवंटित निधि किसी अन्य मद या कार्य में परिवर्तित नहीं की जाएगी।किंतु शासकीय सिस्टम के जमीनी आंकड़े और वित्तीय प्रतिवेदन यह सिद्ध करते हैं कि इस विशेष अनुदान मद को दरकिनार करते हुए, इस संपूर्ण निर्माण कार्य को राज्य वित्त आयोग की निधि में भी प्रविष्ट (पंजीकृत) कर दिया। अर्थात तकनीकी दृष्टिकोण से कार्य एक, प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 20148 भी एक, किंतु शासकीय अभिलेखों में दो पृथक-पृथक योजनाएं संचालित कर भारी वित्तीय हेरफेर को अंजाम दिया गया। इस मामले में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। शासन के आदेश की कंडिका 4.22 और 4.27 ने प्रत्यक्ष रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नियमों के अक्षरशः अनुपालन का दायित्व सौंपा था। कार्यस्थल पर आवश्यक सूचना पट्ट लगाए बिना, अत्यंत आनन-फानन में जनवरी मास में ही 'सतपुड़ा हार्डवेयर' नामक प्रतिष्ठान को ईपीओ क्रमांक 3734585 के माध्यम से 11 लाख से अधिक की धनराशि का बंपर भुगतान कर दिया गया।

पिल्हावाड़ी ग्राम पंचायत का कार्यालय। ● नईदुनिया

इस संबंध में कार्रवाई के लिए गांव के सभी आक्रोशित ग्रामीणों की मांग है कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय निष्पक्ष तकनीकी जांच समिति द्वारा संवीक्षा की जाए, वर्तमान संदिग्ध निर्माण कार्य को तत्काल रोककर दोषियोंसे भुगतान की अतिशीघ्र वसूली (रिकवरी) सुनिश्चित की जाए।

"शासन द्वारा निर्देशित स्वीकृत योजना से ही भुगतान करने के अत्यंत कड़े प्राविधान हैं । किसी भी परिस्थिति में मद परिवर्तित कर राशि आहरित नहीं की जा सकती। यह विषय अभी आपके माध्यम से मेरे संज्ञान में आया है। मैं इसकी फाइल मंगाकर विस्तृत जांच करवाता हूं और जो भी लोकसेवक दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अमित दुबे, सहायक यंत्री, जनपद कार्यालय जुन्नारदेव।

इस मामले को दिखवा रहे हैं, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रश्मि चौहान, सीईओ, जुन्नारदेव जनपद।

धुबघट व नर्मदा आश्रय स्थल में रोपे पौधे


कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया पौधों का रोपण। ● नईदुनिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर: कलेक्टर रजनी सिंह ने जिले में पौधरोपण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी उदय प्रताप सिंह, परियोजना अधिकारी विपिन लाड़ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर, अधिकारियों व नागरिकों ने ग्राम पंचायत धुबघटगौड़ी में विभिन्न प्रजातियों के नींबू, आम, पाकड़, पीपल एवं आंवला सहित करीब 100 पौधों का रोपण किया गया। कलेक्टर ने कंटूर ट्रेंच एवं ग्राम के पारंपरिक तालाब का निरीक्षण कर तालाब का गहरीकरण करने, पडल निर्माण कराने तथा अतिक्रमण हटाकर वृहद स्तर पर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शेढ नदी के कटाव को रोकने के लिए आवश्यक प्रबंधन करने और बांस का रोपण करने के निर्देश दिए।ग्राम पंचायत खमरिया-जरजोला के खपड़ी गांव स्थित शांतिधाम परिसर में पौधरोपण एवं गैप फिलिंग का कार्य किया गया। कलेक्टर ने परिसर की बाउंड्रीवाल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन 47 लाख रुपये लागत के सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत खापा के ग्राम मेहका में सीसी सड़क एवं शांतिधाम परिसर में तार फेंसिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। नर्मदा समृद्धि परियोजना के अंतर्गत लगभग एक हेक्टेयर क्षेत्र में स्वीकृत पौधरोपण का निरीक्षण किया।

सांख में चौपाल लगाकर साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

सांख में जागरूक करते पुलिसकर्मी। ● नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, चौरई: सोमवार को सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत चौरई पुलिस द्वारा ग्राम सांख के ग्रामीणों को जागरूक किया गया ।थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले ने ग्रामीणों को बताया कि किसी भी अनजान शख्स को ओटीपी न बताए एवं किसी अंजान का वीडियो काल न उठाएं अगर किसी के साथ आनलाइन ठगी होती है तो तत्काल टोल फ्री नंबर पर काल करें एवं पुलिस को सूचित करने की सलाह दी। इस दौरान थाना प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक गोपाल साहू एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

नए भवन निर्माण का बनेगा प्रस्ताव


जर्जर पीपला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते बीएमओ। ● नईदुनिया

नईदुनिया खबर का असर

नईदुनिया न्यूज, पीपला नारायणवार: विगत दिनों नई दुनिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपला नारायणवार में डॉक्टरों की कमी एवं 42 साल पुराने जर्जर भवन की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले का संज्ञान लिया, जिसके तहत बीएमओ रूपेश बोकडे ने सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल भवन की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। बीएमओ रूपेश बोकडे ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन लगभग 42 वर्ष पुराना एवं जर्जर हो चुका है। भवन की वर्तमान स्थिति को देखते हुए आज ही विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी अवकाश पर हैं। मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मोहगांव में पदस्थ डॉ. राहुल गुजर की ड्यूटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपला में सप्ताह में दो दिन लगाई गई है, जिससे ओपीडी सेवाएं नियमित रूप से संचालित होती रहें। बीएमओ ने आश्वासन दिया कि डॉक्टरों की कमी एवं जर्जर भवन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का शीघ्र स्थायी समाधान होगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।